<u>उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय, नैनीताल</u>

दिनांकः 11.01.2021

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय, नैनीताल में न्यायालय की **निष्प्रयोज्य सामग्री (रद्दी कागज, अखबार, गत्ता, टिन, लोहा, प्लास्टिक, टायर, लकड़ी, प्रिन्टर कार्टेज एवं इत्यादि)** की नीलामी हेतु मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

इच्छुक व्यक्ति/फर्म को नीलामी में भाग लेने हेतु जमानत के रुप में रु.5,590/– (रु. 5,000/– रिफन्डेबल तथा रु.590/– नॉन–रिफन्डेबल शुल्क) के के दो पृथक डिमान्ड ड्राफ्ट जो **"महानिबन्धक, उच्च न्यायालय, नैनीताल"** के नाम देय हों, मुहरबन्द निविदा के साथ संलग्न कर **दिनांक 28.01.2021 की दोपहर 12:00 बजे** तक जमा करने होंगे।

इच्छुक व्यक्ति/फर्म, निविदा की समस्त शर्तों एंव नियमों का विवरण उच्च न्यायालय की वैबसाइट www.highcourtofuttarakhand.gov.in से प्राप्त कर सकते है।

S/d
महानिबन्धक
उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय, नैनीताल

प्रतिलिपि निम्न को इस आषय के साथ प्रेषित है कि वे अपने नोटिस बोर्ड पर इसे वृहद प्रचार हेतु चस्पा करवायें:–

1. जिला न्यायाधीश, नैनीताल।
2. आयुक्त, कुमांऊ मण्डल, नैनीताल।
3. जिलाधिकारी, नैनीताल।
4. जिला सूचना अधिकारी, नैनीताल।
5. अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, नैनीताल।
6. लोक निर्माण विभाग, उच्च न्यायालय परिसर, नैनीताल।
7. न्यायालय के नोटिस बोर्ड एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा करने हेतु।

S/d
व्यवस्थाधिकारी
उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय, नैनीताल

नियम एवं शर्तें

1. इच्छुक व्यक्ति/फर्म, निविदा की समस्त शर्तों/नियमों का विवरण तथा सामग्री का अवलोकन किसी भी कार्य दिवस में नजारत अनुभाग से सम्पर्क कर प्राप्त कर सकता है। विवरण उच्च न्यायालय की वैबसाइट www.highcourtofuttarakhand.gov.in पर भी उपलब्ध है।

2. नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/फर्म को नीलामी में भाग लेने हेतु जमानत के रुप में **रु. 5,000/—(रिफन्डेबल) तथा रु.590/—(नॉन—रिफन्डेबल)** के दो पृथक डिमान्ड ड्राफ्ट जो ''महानिबन्धक, उच्च न्यायालय, नैनीताल'' के नाम देय हों, मुहरबन्द निविदा के साथ (नियम एवम् शर्तों की कॉपी तथा संलग्नक फार्म—1 को भरकर तथा हस्ताक्षर करके) संलग्न कर **दिनांक 28.01.2021 की दोपहर 12:00 बजे** तक जमा करने होंगे।

3. प्राप्त निविदायें अधोहस्ताक्षरी/अधिकृत अधिकारी के समक्ष खोली जायेंगी एंव सफल निविदादाता का चयन होने के पश्चात् कार्यालय द्वारा सूचित किया जायेगा।

4. असफल बोली दाताओं का रु.5,000/— का डिमान्ड ड्राफ्ट सफल निविदादाता का चयन होने के पश्चात वापस कर दिये जाएगें। सफल बोली दाता का रु.5,000/— का डिमान्ड ड्राफ्ट, समस्त धनराशि जमा करने तथा सामान को उठवाने के उपरान्त ही वापस किया जाएगा।

5. सफल निविदादाता को आवश्यकता होने पर कुछ निर्देशित सामग्री (रद्दी कागज) को टुकडों में कटवाना होगा जिससे कि वे उपयोगार्थ ना रहें। उक्त कार्य हेतु उपयोग में आने वाली कटिंग मशीन, मजदूरी, ईलेक्ट्रोनिक कांटा इत्यादि की व्यवस्था निविदादाता को स्वयं के खर्चे पर करनी होगी।

6. सामग्री किसी भी दशा में निर्धारित न्यूनतम मूल्य से नीचे नीलाम नहीं की जाऐंगी। सामग्री का निर्धारित न्यूनतम मूल्य संलग्न फार्म में उपलब्ध है ।

7. सफल निविदादाता को उसके द्वारा लगाये गए मूल्य के अतिरिक्त सम्बन्धित टैक्स (जैसा लागू हो) भी जमा करना होगा।

8. निविदाकर्ता द्वारा सामान का समस्त मूल्य माननीय न्यायालय के रोकड़ अनुभाग में जमा करने के उपरान्त ही सामान उठाने की अनुमति प्रदान कि जायेगी।

9. समस्त सामग्री को 05 दिवसों के अन्दर उठाना होगा। 05 दिवसों के अन्दर सामान न उठाने तथा/अथवा समस्त धनराशि जमा न कर पाने की स्थिति में समस्त सुरक्षा धनराशि जब्त कर ली जाएगी।

10. माननीय उच्च न्यायालय को बिना कारण बताए नीलामी की तिथि में परिवर्तन करने तथा समस्त नीलामी प्रक्रिया को निरस्त करने का अधिकार होगा।

11. यदि माननीय न्यायालय के संज्ञान में यह बात आती है कि बोली दाताओं ने आपस में सांठ—गांठ कर ली है जिसकी वजह से संस्था को उचित मूल्य नहीं मिल रहा है तो ऐसी स्थिति में नीलामी निरस्त/स्थगित करने का पूर्ण अधिकार माननीय न्यायालय को होगा।

12. नीलामी सम्बन्धी किसी भी कानूनी कार्यवाही का वाद क्षेत्र केवल जनपद नैनीताल स्थित न्यायालय होगा।

S/d
महानिबन्धक
उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय,
नैनीताल

फोटो

फार्म–1

1. व्यक्ति / फर्म का नामः– ....
2. पिता का नामः– ....
3. आयुः– ....
4. व्यवसायः– ....
5. पूरा पताः– ....
....
....
6. मोबाइल / फोन नम्बरः– ....
7. ई–मेल आई.डी.:– ....
8. पहचान पत्रः– ....
9. सुरक्षा धनराषी के डिमान्ड ड्राफ्ट का विवरणः–
   I. रु.5,000 / – (रिफन्डेबल) ....
   II. रु.590 / – (नॉन–रिफन्डेबल) ....
10. लगाई गई बोली (निर्धारित न्यूनतम मूल्य से ऊपर):–

नीलामी हेतु उपलब्ध सामग्री / वस्तु.

क्र0 सं0	सामग्री का विवरण	इकाई	न्यूनतम निर्धारित मूल्य	लगाई गई बोली
1.	रद्दी कागज	Kg.	9.00	
2.	पुराना अखबार	Kg.	9.50	
3.	गत्ता	Kg.	5.00	
4.	लोहा	Kg.	18.00	
5.	टिन	Kg.	13.00	
6.	एल्यूमिनियम	Kg.	60.00	
7.	प्रिन्टर कार्टेज	No.	5.00	
8.	वाहन के टायर	No.	30.00	
9.	लकड़ी	Kg.	2.00	
10.	प्लास्टिक	Kg.	8.00	

मैंने नीलामी के सभी नियम एवम् शर्तों को भलीभांती पढ़ व समझ लिया है तथा मैं उपरोक्त सभी नियम एवम् शर्तों को मानने के लिए सहमत हूँ।

स्थानः–

दिनांकः– निविदादाता के हस्ताक्षर